St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text: (2nd Term) **(Answer Worksheet -11)** **Date: 27.08.2020**
Topic: दिलवाड़े के मंदिर **Class -4**

निम्न प्रश्नो के उत्तर लिखो :-

1 नेमिनाथजी के मंदिर के बारे में लिखो |

उ-नेमिनाथजी एक जैन मंदिर है | लेखक अपने साथियों के साथ नेमिनाथजी के मंदिर दर्शन करने गए |यह मंदिर एक विशाल चबूतरे पर बना हुआ था | बाहर से देखने पर यह एक साधारण मंदिर लग रहा था | लेखक ने अंदर जा कर देखा तो चकित रह गए | मंदिर के अंदर नेमिनाथजी की सोने की मूर्ति जगमगा रही थी |

2 आदिनाथजी का मंदिर किसने तथा कैसे बनवाया था ?

उ- आदिनाथजी का मंदिर नेमिनाथजी के मंदिर के पास ही है | इसे तेजपाल और शिशुपाल नामक दो भाइयों ने बनवाया था | इसे 1230 ई. में बनवाया गया था |यह मंदिर बहुत सुन्दर है | यह पूरा संगमरमर का बना हुआ है |

3 आदिनाथजी के मंदिर की कला - कृति का वर्णन करो |

उ- आदिनाथजी के मंदिर की दीवारों , छतों और खम्बों पर सुन्दर- सुंदर मूर्तियां बनी हुई हैं | देवी देवताओं के अलावा पशु पंक्षियिन की भी मूर्तियां बनी हुई है | इन्हे देखकर लगता है की अभी बोल उठेंगी | मूर्तियों के आभूषणों फूल - पत्तियों हुए बेलों को सबने ध्यान से देखा | उनमे से कोई भी दो मूर्तियां एक - सी नहीं थी |

4 लेखक ने नितिन से क्या कहा ?

उ-लेखक मंदिर की कला - कृति देखकर चकित थे | उन्होंने नितिन से कहा कि आठ सौ वर्ष पहले कोई सुविधा नहीं थी | उस समय न तो पक्की सड़कें थी , न मोटर ,न रेलें | बड़े बड़े पत्थरों कौटने वाली मशीने भी नहीं थी | उस समय इतना संगमरमर देश के दूसरे भागों से इतनी ऊंचाई तक किसी तरह लाया गया होगा |

Poonam Mehra